# Mott MacDonald - लोगों के लिए गोपनीयता सूचना

यदि आप Mott MacDonald समूह की किसी इकाई में कार्यरत (पूर्णकालिक या अंशकालिक) कर्मचारी, अस्थायी कर्मचारी, प्रशिक्षु, प्रशिक्षणार्थी, कार्य-अनुभव प्रतिभागी या इंटर्न हैं, तो यह गोपनीयता सूचना आपको यह समझने में मदद करेगी कि हम कौन सी व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करते हैं, हमें इसकी आवश्यकता क्यों है, हम इसका उपयोग कैसे करते हैं, हम इसे किसके साथ साझा करते हैं, और इस पर आपके क्या अधिकार हैं।

कुछ स्थानों पर, स्थानीय कानूनी आवश्यकताओं या Mott MacDonald के संचालन के तरीके के कारण व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करने और उपयोग करने के तरीके अलग-अलग हो सकते हैं। यदि मामला ऐसा है, तो हम आपको एक पूरक गोपनीयता सूचना के माध्यम से सूचित करेंगे।

इस गोपनीयता सूचना को हमारी समूह नीतियों और हमारी संहिता दोनों के अनुसार तैयार किया गया है। हमने गोपनीयता और डेटा सुरक्षा कानूनों के साथ हमारे अनुपालन पर नज़र रखने के लिए, जेम्स अलेक्जेंडर को गोपनीयता और डेटा सुरक्षा के समूह प्रमुख के रूप में नियुक्त किया है।

## विषय सूची :


01. हमारे द्वारा प्रक्रिया में लाई जाने वाली व्यक्तिगत जानकारी

02. हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी को किस तरह से एकत्र करते हैं

03. अन्य व्यक्तियों के बारे में जानकारी

04. हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग किस तरह से करते हैं

05. हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी किस तरह से साझा करते हैं

06. हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा किस तरह से करते हैं

07. हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी अपने पास कितने समय तक रखते हैं

08. आपके गोपनीयता अधिकार और विकल्प

09. आपकी सहमति वापस लेने का अधिकार

10. हमसे संपर्क करें

11. इस गोपनीयता सूचना में परिवर्तन

## हमारे द्वारा प्रक्रिया में लाई जाने वाली व्यक्तिगत जानकारी

विषय सूची

जब आप हमारे लिए काम कर रहे होते हैं (और उस संबंध के समाप्त होने के बाद), हमें निम्नलिखित प्रकार की व्यक्तिगत जानकारी को एकत्र करने, संग्रहीत करने, एक्सेस करने, विश्लेषण करने, साझा करने या किसी अन्य तरीके से उपयोग करने की आवश्यकता पड़ सकती है:

**व्यक्तिगत पहचान संबंधी जानकारी:** पूरा नाम, पदवी, नौकरी का शीर्षक, कर्मचारी संख्या, जन्म तिथि, राष्ट्रीयता, नागरिक/वैवाहिक स्थिति, और सैन्य/पूर्व-सैन्य स्थिति।

**संपर्क विवरण:** कार्य/व्यक्तिगत ईमेल पते, फ़ोन नंबर, डाक पते, निकटतम संबंधी और आपातकालीन संपर्क जानकारी।

**व्यवसाय और करियर के विकास से जुड़ी जानकारी:** शुरुआत और समाप्ति की तिथियां, CV/रिज़्यूमे और कवर लेटर की जानकारी, शैक्षणिक योग्यताएं और प्रतिलिपियां, पेशेवर योग्यताएं और प्रमाणपत्र, साक्षात्कार के नोट्स, कार्य इतिहास, रोजगार और व्यक्तिगत संदर्भ, कार्य के घंटे, वेतन, पेंशन और लाभ, उपस्थिति, वार्षिक अवकाश, प्रशिक्षण रिकॉर्ड, पेशेवर संस्थाओं की सदस्यता और प्रदर्शन समीक्षा व प्रतिक्रिया।

**यात्रा और स्थान की जानकारी:** कार्य स्थान(नों), आप्रवासन स्थिति, वीज़ा और यात्रा की जानकारी, कार्य का स्थान, यात्री की प्राथमिकताएं, यात्रा सुरक्षा जोखिम मूल्यांकन से संबंधित डेटा, बिल्डिंग पास डेटा या हमारे परिसर में प्रवेश करते या छोड़ते समय कैप्चर की गई विज़िटर बुक में दर्ज की गई प्रविष्टियां।

**ड्राइविंग से जुड़ी जानकारी:** (जहां प्रासंगिक और आवश्यक हो) वाहन का विवरण, ड्राइवर का लाइसेंस, यातायात नियमों का उल्लंघन और दुर्घटना की जानकारी (उदाहरण के लिए, यदि कंपनी का वाहन चलानार), ईंधन कार्ड का उपयोग, और बीमा जानकारी।

**ऑडियो/विजुअल जानकारी:** कैमरे की फुटेज और/या इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से प्राप्त की गई अन्य जानकारी जैसे बिल्डिंग एक्सेस पास रिकॉर्ड, सीट/डेस्क बुकिंग डेटा, मीटिंग्स या कार्यक्रमों में वीडियो और ऑडियो रिकॉर्डिंग, कार्यक्रमों में ली गई या प्रोफाइल पर, डिजिटल मीडिया या प्रचार सामग्री में उपयोग की गई तस्वीरें, हमारे परिसर में लगे सिक्योरिटी कैमरों से ली गई वीडियो व तस्वीरें।

**IT और डिजिटल संचार प्रणालियों का उपयोग:** आपकी ओर से हमारे IT और डिजिटल कम्युनिकेशन सिस्टम के उपयोग के बारे में जानकारी जिसमें यूज़र एक्सेस लॉग और उपयोग विश्लेषण, समय रखने और उपयोग की जानकारी, वेब ब्राउज़र इतिहास, इंटरनेट प्रोटोकॉल (IP) पता, कार्य स्थान, और ईमेल और इंस्टेंट मैसेज की सामग्री शामिल है। अधिक जानकारी के लिए, STEP में हमारी कार्यबल निगरानी आवश्यकताओं और स्वीकार्य उपयोग आवश्यकताओं को पढ़ें।

हमें विशिष्ट और सीमित उद्देश्यों के लिए आपके बारे में विशेष रूप से संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी को प्रक्रिया में लाने की ज़रूरत पड़ सकती है, लेकिन हम ऐसा केवल तभी करेंगे जब कानूनन अनुमति या आवश्यक हो। यदि हमारे लिए आपकी संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी को प्रक्रिया में लाने से पहले आपकी स्पष्ट सहमति लेना ज़रूरी है, तो इसके प्रस्तावित उपयोग और प्रबंधन के बारे में अधिक विवरण आपको संग्रह के समय प्रदान किया जाएगा।

संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी को विशेष रूप से सावधानीपूर्वक संभाला जाता है और इस तक पहुंच को सख्ती से प्रतिबंधित और नियंत्रित किया जाता है। इस गोपनीयता सूचना के उद्देश्य के लिए, इसमें निम्नलिखित शामिल है:

**सरकार द्वारा जारी की गई पहचान संख्या:** (जहां आवश्यक हो और कानूनन अनुमति या आवश्यक हो) पासपोर्ट का विवरण, राष्ट्रीय पहचान पत्र का विवरण, ड्राइवर के लाइसेंस का विवरण, राष्ट्रीय बीमा संख्या, और सामाजिक सुरक्षा/बीमा संख्या।

**वित्तीय जानकारी:** बैंक खाते का विवरण, भुगतान कार्ड का विवरण, वेतन और बोनस की जानकारी, शेयरधारिता और शेयर लाभांश का विवरण, पेंशन में दिया गया योगदान, स्वास्थ्य बीमा और अन्य कर्मचारी लाभों से जुड़े भुगतान/कटौती, कर और सामाजिक सुरक्षा भुगतान का विवरण।

**बैकग्राउंड स्क्रीनिंग और सत्यापन से संबंधित जानकारी:** रोजगार संदर्भ, शैक्षणिक जांच, और (जहां आवश्यक और कानून द्वारा अनुमत हो) आपराधिक दोषसिद्धि और/या कथित अपराधों के बारे में जानकारी, ड्राइवर का लाइसेंस और वित्तीय ईमानदारी की जांच के परिणाम, दवा और शराब परीक्षण के परिणाम, और राष्ट्रीय सुरक्षा जांच के परिणाम।

**स्वास्थ्य और बायोमेट्रिक जानकारी:** उचित समायोजन और एक्सेस से संबंधित आवश्यकताओं का विवरण (आपकी गतिशीलता, दृष्टि या सुनने से आवश्यकताएँ शामिल हैं), स्वास्थ्य की स्थिति(यां), बीमारी की अनुपस्थिति (छुट्टी भत्ता और उपयोग सहित), व्यावसायिक स्वास्थ्य और अन्य चिकित्सा रिपोर्ट, यात्रा स्वास्थ्य जोखिम मूल्यांकन डेटा, सेहत से जुड़ी जानकारी, फिंगरप्रिंट, और चेहरे के स्कैन।

**समावेशन से संबंधित जानकारी:** (जहां आवश्यक हो और आपके निवास स्थान के क्षेत्राधिकार में कानून द्वारा अनुमति या आवश्यकता हो) नस्लीय/जातीय मूल, धार्मिक या दार्शनिक विश्वास, विकलांगता की स्थिति, यौन अभिविन्यास, जैविक लिंग, और लिंग पहचान। इस जानकारी की मदद से हम कार्यबल समावेशन और अवसर/परिणामों की समानता पर नज़र रखने में सक्षम हो पाते हैं। इसका उपयोग लागू कानूनी दायित्वों का पालन करने के लिए और (यदि आवश्यक हो, बिना किसी पहचान के और समेकित रूप में) रिपोर्टिंग उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

# हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी को किस तरह से एकत्र करते हैं

विषय सूची

हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी आपके हमारे साथ काम किये जाने की अवधि के दौरान एकत्र करते हैं। सामान्य तौर पर यह सीधे आपसे ही एकत्र की जाएगी, और कुछ ऐसे अवसर भी होते हैं जब हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी तृतीय पक्षों से प्राप्त करते हैं।

**ऑनबोर्डिंग और जन प्रबंधन प्रणालियाँ:** हम ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया के दौरान (उदाहरण के लिए, आपका वेतन भुगतान करने के लिए आपके बैंक खाते का विवरण एकत्र करना) और Mott MacDonald में आपके रोजगार की पूरी अवधि के दौरान आपकी व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करते हैं।

**IT और डिजिटल संचार प्रणालियाँ:** जब भी आप हमारी आंतरिक IT और डिजिटल संचार प्रणालियों (उदाहरण के लिए, आपके Mott MacDonald ईमेल खाते के माध्यम से भेजे या प्राप्त किए गए संदेश) का इस्तेमाल करते हैं, तो हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करते हैं; या बाहरी IT और डिजिटल संचार प्रणालियों द्वारा हमारे IT नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से डेटा भेजने या प्रसारित किये जाने पर भी ऐसा करते हैं। यदि हमें साइबर सुरक्षा जोखिमों या उपयोगकर्ता गतिविधि का ऑडिट/निगरानी करने की ज़रूरत पड़े, तो आपकी व्यक्तिगत जानकारी आपके काम को करने के लिए उपयोग की जाने वाली तृतीय पक्ष की प्रणालियों के डेटा में भी हो सकती है। अधिक जानकारी के लिए, कृपया STEP में हमारी कार्यबल निगरानी आवश्यकताओं और स्वीकार्य उपयोग आवश्यकताओं को पढ़ें।

**व्यक्तिगत कार्यक्रम और सम्मेलन:** जब आप Mott MacDonald या किसी अन्य तृतीय पक्ष द्वारा आयोजित किसी कार्यक्रम या सम्मेलन में भाग लेते हैं, जिसके साथ हमने भागीदारी की है, तो हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करते हैं (उदाहरण के लिए, कार्यक्रम को प्रमोट करने के लिए आपकी फोटो लेना)।

**ऑनलाइन आवेदन प्रणालियाँ और व्यक्तिगत, टेलीफ़ोन, या वीडियो कॉन्फ्रेंस के ज़रिए साक्षात्कार:** जब आप हमारी आंतरिक करियर वेबसाइट और भर्ती प्रणाली का उपयोग करके Mott MacDonald में किसी भिन्न भूमिका के लिए आवेदन करते हैं, तो हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी को एकत्र करते हैं। हम किसी भी व्यक्तिगत, टेलीफ़ोन, या वीडियो कॉन्फ्रेंस साक्षात्कार के दौरान भी आपकी व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करते हैं।

**तृतीय पक्ष:** तीसरे पक्ष आपके रोजगार के दौरान हमें आपकी व्यक्तिगत जानकारी प्रदान करते हैं, इसमें निम्नलिखित शामिल हो सकते हैं:

- ऐसे व्यक्ति/संगठन जिन्होंने व्यक्तिगत या रोजगार संदर्भ प्रदान करने के लिए सहमति दी है (उदाहरण के लिए, आपके कार्य इतिहास की पुष्टि करने या आपके पिछले प्रदर्शन के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए)।
- सरकारी विभाग या एजेंसियां (उदाहरण के लिए, हमें कर और सामाजिक सुरक्षा/बीमा जानकारी से जुड़ी प्रदान करने के लिए)।
- शैक्षणिक संस्थान (जैसे विश्वविद्यालय और कॉलेज) और पेशेवर सदस्यता संस्थाएं (उदाहरण के लिए, योग्यता और प्रमाणपत्रों को सत्यापित करने के लिए)।
- तृतीय पक्ष के सेवा प्रदाता जिन्हें हम पृष्ठभूमि स्क्रीनिंग और जांच, चिकित्सा स्क्रीनिंग, परीक्षण और मूल्यांकन करने, रोजगार सर्वेक्षणों से परिणाम बनाने, वितरित करने और विश्लेषण करने, वीजा और वर्क परमिट आवेदनों को प्रक्रिया में लाने, पेरोल संबंधी लेन-देन को संसाधित करने और यात्रा और आवास आरक्षण की पुष्टि करने के कार्यों में लिप्त रखते हैं।

# अन्य व्यक्तियों के बारे में जानकारी

विषय सूची

हमें आपसे ऐसे व्यक्तियों की व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करनी पड़ सकती है, जो आपके निकट संबंधी हैं जैसे कि आपका जीवनसाथी/साथी, आपके बच्चे, या परिवार के अन्य सदस्य। उदाहरण के लिए, यदि Mott MacDonald उन्हें बीमा/चिकित्सा लाभ प्रदान कर रहा है या आपके हमारे साथ काम करने के दौरान आपके परिवार को एक नए शहर या देश में स्थानांतरित होने में मदद कर रहा है।

यदि आपकी कोई स्वास्थ्य समस्या निरंतर चल रही है और/या आप ऐसी दवा से इलाज करा रहे हैं जो आपके काम को प्रभावित करती है, तो हमें आपके डॉक्टर या स्वास्थ्य सेवा प्रदाता के लिए संपर्क जानकारी की आवश्यकता पड़ सकती है।

हम आपसे आपके निकटतम संबंधी, नामित पेंशन/बीमा लाभार्थियों, और आपातकालीन संपर्कों के नाम और संपर्क विवरण जैसी व्यक्तिगत जानकारी लेने की भी आवश्यकता पड़ सकती है।

कुछ क्षेत्राधिकारों में, कार्य अनुभव प्राप्त कर रहे या Mott MacDonald में इंटर्नशिप/प्रशिक्षुता करने वाले युवा वयस्कों को नाबालिग माना जा सकता है ,जो कानूनी समझौतों में प्रवेश करने या अपनी व्यक्तिगत जानकारी को प्रक्रिया में लाने के लिए वैध सहमति देने में असमर्थ हैं। उस परिदृश्य में, और उनके समझौते के तहत, हमें आपसे माता-पिता या कानूनी देखभाल करने वाले/अभिभावक के बारे में व्यक्तिगत जानकारी प्रदान करने की आवश्यकता पड़ सकती है।

इन सभी परिदृश्यों में, क्योंकि हमारा इन व्यक्तियों के साथ कोई सीधा संबंध नहीं है, हम इस बात के लिए आप पर निर्भर हैं कि आप संबंधित व्यक्ति को बताएं कि आपको उनकी व्यक्तिगत जानकारी हमें देनी होगी और इसे हमारे साथ साझा करने के लिए उनकी सहमति लें। जब तक यह हमारे पास रहेगी, तब तक उन पर भी वही सख्त नियम और सुरक्षा उपाय लागू होंगे जो आपकी व्यक्तिगत जानकारी पर होते हैं।

## हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग किस तरह से करते हैं

विषय सूची

Mott MacDonald यह तय करने के लिए जिम्मेदार है कि हम अपने लोगों के बारे में व्यक्तिगत जानकारी कैसे एकत्र, एक्सेस, विश्लेषण या अन्यथा प्रक्रिया में लाते हैं। हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी का इस्तेमाल मुख्य रूप से इसलिए करते हैं ताकि हम आपके साथ हमारे संबंधों के प्रबंधन कर सकें, आपको आपके काम के लिए ज़रूरी उपकरण और सुविधाएं दे सकें और आपको कई प्रकार के लाभ करने के साथ ही साथ अपने कानूनी दायित्वों का पालन कर सकें।

हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी को केवल तभी उपयोगकरेंगे, जब कानून हमें ऐसा करने की अनुमति देगा। कुछ क्षेत्राधिकारों में, आपकी व्यक्तिगत जानकारी को प्रक्रिया में लाने के लिए हम जिन कानूनी औचित्यों पर निर्भर हो सकते हैं, वे इस गोपनीयता सूचना में उल्लिखित औचित्यों से थोड़े भिन्न हो सकते हैं। यदि मामला ऐसा होता है, तो हम आपको एक पूरक गोपनीयता सूचना में भिन्नताओं के बारे में सूचित करेंगे।

जिन उद्देश्यों के लिए हमें आपकी व्यक्तिगत जानकारी (और इसमें शामिल व्यक्तिगत जानकारी की श्रेणियां) को प्रक्रिया में लाने की ज़रूरत पड़ सकती है, उनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

### अपने लोगों को संभालने के लिए

- हमारे कार्यबल के नए सदस्यों के लिए ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया को पूरा करने के लिए: उपकरणों, प्रणालियों और सुविधाओं तक पहुंच की व्यवस्था करने के लिए; इस बात को सुनिश्चित करना कि हम अपने कानूनी और नियामक दायित्वों का पालन कर सकते हैं।
- कार्य प्रदर्शन का मूल्यांकन और प्रबंधन करना: आपकी परिवीक्षा अवधि की समीक्षाओं पर नज़र रखना; आपकी उपस्थिति, अनुपस्थिति और समय की पाबंदी का मूल्यांकन करना; आपके लाइन मैनेजर के साथ सहमत लक्ष्यों और गतिविधियों की तुलना में प्रगति का मूल्यांकन करना; आपके व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास में सहयोग देना; पदोन्नति और वेतन बढ़ोतरी की पात्रता का मूल्यांकन करना; वेतन और ग्रेडिंग समीक्षा का आयोजन करना।
- आपसे बातचीत करना: आपको काम से संबंधित जानकारी प्रदान करना, आपके प्रश्नों का उत्तर देना, आपको आपके मुआवजे, लाभों या कॉर्पोरेट संरचना और नीतियों में बदलावों की जानकारी देना और आपातकालीन स्थितियों (उदाहरण के लिए, प्राकृतिक आपदाओं) में आपसे संपर्क करना।
- वित्तीय लेनदेन को प्रक्रिया में लाने के लिए: आपके वेतन, बोनस, शेयर लाभांश भुगतान का भुगतान करने के लिए; पे रोल करों, और अन्य कटौतियों (पेंशन और सामाजिक सुरक्षा योगदान सहित) का प्रबंधन करने के लिए; आपकी यात्रा लागत और खर्चों का प्रबंधन करने के लिए (काम से संबंधित यात्रा के लिए आपको प्रतिपूर्ति करना शामिल है)।
- रोजगार लाभों का प्रबंधन करने के लिए: आपको स्वास्थ्य बीमा, एक पेंशन, वैश्विक गतिशीलता सहायता, आपकी सेहत से जुड़ी जानकारी के लिए संसाधन प्रदान करना, और चिकित्सा अवकाश (उदाहरण के लिए, अल्पकालिक विकलांगता अवकाश) की सुविधा प्रदान करने के लिए;
- आपके व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास में सहयोग देने के लिए: आपको शिक्षा, प्रशिक्षण और व्यावसायिक विकास के अवसर प्रदान करने के लिए (उदाहरण के लिए, पेशेवर सम्मेलनों में भाग लेने या एक नया पेशेवर प्रमाणन प्राप्त करने के लिए)।
- काम से संबंधित यात्रा का प्रबंधन करने के लिए: काम से संबंधित यात्रा/आवास की बुकिंग और प्रबंधन करना और यात्रा के दौरान या आपातकालीन स्थितियों में आपसे संपर्क करने के लिए।
- एक सुरक्षित और उत्पादक कार्यस्थल सुनिश्चित करने के लिए: यह निर्धारित करना कि क्या आप किसी विशेष भूमिका के लिए आवश्यक कार्यों को करने के लिए उपयुक्त हैं; काम से संबंधित उचित समायोजन के लिए पात्रता निर्धारित करने के (और व्यवस्था करने) लिए; उपकरण प्रदान करने के लिए; आपको आंतरिक प्रणालियों तक पहुंच प्रदान करने के लिए; इस पर नज़र रखने के लिए कि हमारी आंतरिक नीतियों और प्रक्रियाओं का आप कितना अनुपालन कर रहे हैं; हमारी संपत्ति को चोरी, बर्बरता और क्षति से बचाने के लिए।
- जांच करने के लिए: संभावित क्षमता, अनुशासनात्मक, शिकायत और आचरण के मुद्दों का मूल्यांकन और समाधान करने के लिए; सुरक्षा उल्लंघनों और कंपनी की संपत्ति, उपकरण और प्रणालियों के संभावित दुरुपयोग की जांच करने के लिए; और चोरी, धोखाधड़ी, या आपराधिक गतिविधि के आरोपों की जांच करने के लिए।

- बैकग्राउंड स्क्रीनिंग और जांच करने के लिए पृष्ठभूमि जांच और पड़ताल करने के लिए (उदाहरण के लिए, रोजगार और शिक्षा संदर्भ जांच, वित्तीय ईमानदारी जांच, ड्राइवर का लाइसेंस और मोटर वाहन जांच, आपराधिक पृष्ठभूमि जांच, और राष्ट्रीय सुरक्षा जांच)।

इस उद्देश्य के लिए उपयोग की जाने वाली व्यक्तिगत जानकारी की श्रेणियों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- व्यक्तिगत पहचान जानकारी
- संपर्क विवरण
- व्यवसाय और करियर विकास जानकारी
- यात्रा और स्थान की जानकारी
- ड्राइविंग की जानकारी
- ऑडियो/विजुअल जानकारी
- IT और डिजिटल संचार प्रणालियों का उपयोग
- स्वास्थ्य और बायोमेट्रिक जानकारी
- बैकग्राउंड स्क्रीनिंग और सत्यापन से संबंधित जानकारी
- वित्तीय जानकारी
- सरकार द्वारा जारी की गई पहचान संख्या
- समावेशन से संबंधित जानकारी:
- आपकी प्रतिक्रिया, राय, रुचियां, प्राथमिकताएं, और अन्य जानकारी

**हमारे ग्राहकों के प्रति होने वाले हमारे अनुबंधात्मक दायित्वों को पूरा करना**

- जिस असाइनमेंट पर आपने काम किया है, उसके लिए बिलिंग करना और काम किए गए घंटों का साक्ष्य देना (उदाहरण के लिए, हमारे ग्राहक को आपका नाम और वेतन दर या संशोधित भुगतान पर्ची देना), दवा और शराब परीक्षण करना (जहां हमारे ग्राहकों द्वारा स्वास्थ्य और सुरक्षा कारणों से आवश्यक माना गया हो), और पृष्ठभूमि जांच करना (जहां हमारे ग्राहकों द्वारा सुरक्षा या राष्ट्रीय सुरक्षा कारणों से आवश्यक माना गया हो)।

इस उद्देश्य के लिए उपयोग की जाने वाली व्यक्तिगत जानकारी की श्रेणियों में निम्नलिखित शामिल हैं

- व्यक्तिगत पहचान जानकारी
- संपर्क विवरण
- व्यवसाय और करियर विकास जानकारी
- यात्रा और स्थान की जानकारी
- ड्राइविंग की जानकारी
- स्वास्थ्य और बायोमेट्रिक जानकारी
- बैकग्राउंड स्क्रीनिंग और सत्यापन से संबंधित जानकारी
- वित्तीय जानकारी
- सरकार द्वारा जारी की गई पहचान संख्या
- समावेशन से संबंधित जानकारी:
- आपकी प्रतिक्रिया, राय, रुचियां, प्राथमिकताएं, और अन्य जानकारी

**Mott MacDonald को बढ़ावा देना और नए व्यवसाय हासिल करना**

- हमारी सेवाओं, उत्पादों, कार्यक्रमों और हमारे ब्रांड को बढ़ावा देने वाली प्रचार सामग्रियों (हमारी वेबसाइट, सोशल मीडिया फ़ीड, या अन्य डिजिटल/प्रिंट मीडिया पर) में हमारे कार्यबल के सदस्यों को दिखाना

इस उद्देश्य के लिए उपयोग की जाने वाली व्यक्तिगत जानकारी की श्रेणियों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- व्यक्तिगत पहचान संबंधी जानकारी (नाम, नौकरी का शीर्षक)
- ऑडियो/विजुअल जानकारी

**हमारे जन प्रबंधन प्रक्रियाओं की प्रभावशीलता को बेहतर बनाने के लिए**

- हमारी मानव संसाधन प्रक्रियाओं पर नज़र रखना और सुधार करना और मानव संसाधन के आवंटन से संबंधित निर्णय लेना
- हमारी जन प्रबंधन प्रक्रियाओं का आंतरिक और बाहरी ऑडिट करना (उदाहरण के लिए, HR नीतियों और अभ्यासों का मूल्यांकन करना)
- Mott MacDonald में आपके अनुभव के बारे में समझना (उदाहरण के लिए, कार्यबल सर्वेक्षणों के माध्यम से)
- आपसे प्राप्त किसी भी प्रतिक्रिया का मूल्यांकन करना (उदाहरण के लिए, हम अपने स्वास्थ्य और लाभ कवरेज या करियर विकास कार्यक्रम को किस तरह से बेहतर बना सकते हैं)

इस उद्देश्य के लिए उपयोग की जाने वाली व्यक्तिगत जानकारी की श्रेणियों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- व्यक्तिगत पहचान जानकारी
- संपर्क विवरण
- व्यवसाय और करियर विकास जानकारी
- आपकी प्रतिक्रिया, राय, रुचियां, प्राथमिकताएं, और अन्य जानकारी

### आंतरिक भर्ती और कार्यबल का पुनर्गठन करना

- आपके व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास का मूल्यांकन करना
- Mott MacDonald में उपलब्ध करियर के अवसरों के अनुसार आपके कौशल, योग्यता और रुचियों का मूल्यांकन करना
- साक्षात्कार और मूल्यांकन सेट अप और उन्हें आयोजित करना
- बैकग्राउंड की जांच और मूल्यांकन करना
- इस बात को सत्यापित करना कि आपके पास किसी विशेष देश या क्षेत्राधिकार में काम करने की अनुमति है या नहीं
- आवेदन, साक्षात्कार और चयन प्रक्रिया से संबंधित किसी भी प्रश्न का उत्तर देना
- आपके पिछले आचरण या प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए उपयोग किए जाने वाले रोजगार संदर्भों को प्राप्त करने या उन पर चर्चा करने के लिए व्यक्तियों से संपर्क करना (उदाहरण के लिए वर्तमान या पूर्व लाइन मैनेजर और स्थानीय HR प्रतिनिधि) ताकि आपके पिछले व्यवहार या प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए संदर्भ प्राप्त हो सके या चर्चा की जा सके।

इस उद्देश्य के लिए उपयोग की जाने वाली व्यक्तिगत जानकारी की श्रेणियों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- व्यक्तिगत पहचान जानकारी
- संपर्क विवरण
- व्यवसाय और करियर विकास जानकारी
- यात्रा और स्थान की जानकारी
- स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी (उदाहरण के लिए, पहुंच संबंधी आवश्यकताएं)
- बैकग्राउंड स्क्रीनिंग और सत्यापन से संबंधित जानकारी
- सरकार द्वारा जारी की गई पहचान संख्या
- आपकी प्रतिक्रिया, राय, रुचियां, प्राथमिकताएं, और अन्य जानकारी

### कानूनी दायित्वों का पालन करना

- सरकारी एजेंसियों, नियामक प्राधिकरणों, या कानून प्रवर्तन को व्यक्तिगत जानकारी का खुलासा करना (इसमें सम्मन और अदालती आदेशों का पालन करना शामिल है)
- रिकॉर्ड रखने और रिपोर्टिंग दायित्वों का अनुपालन करना
- हमारे कानूनी अधिकारों और उपचारों का पालन करना
- Mott MacDonald की कानूनी स्थिति की बुनियाद रखना या उसकी रक्षा करना
- शिकायतों और कानूनी दावों का प्रबंधन करना
- कार्यस्थल पर स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करना

- चिकित्सा जांच और स्वास्थ्य स्क्रीनिंग करना (उदाहरण के लिए, सार्वजनिक स्वास्थ्य के संबंध में आपातकाल के दौरान)
- आपराधिक रिकॉर्ड और ड्राइवर के लाइसेंस की जांच करना (लागू स्थानीय कानून, और विशिष्ट भूमिका/ग्राहक आवश्यकताओं के आधार पर)
- इस बात को सत्यापित करना कि आपकी आप्रवासन स्थिति के कारण आपको किसी विशेष देश या क्षेत्राधिकार में काम करने की अनुमति है या नहीं
- शिकायत और अनुशासनात्मक मामलों की जांच और सुनवाई करना
- वेतन, सामाजिक सुरक्षा, काम के घंटे और वार्षिक अवकाश पात्रता से संबंधित रोजगार और कर संबंधी कानूनी दायित्वों का आकलन करना
- लिंग और जाति के आधार पर वेतन में होने वाले अंतर पर नज़र रखना और उसे रिपोर्ट करना (जहां कानून द्वारा आवश्यक हो)
- समावेशन और समानता से जुड़े मामलों पर नज़र रखना और उसे रिपोर्ट करना (जहां कानून द्वारा आवश्यक हो)

इस उद्देश्य के लिए उपयोग की जाने वाली व्यक्तिगत जानकारी की श्रेणियों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- व्यक्तिगत पहचान जानकारी
- संपर्क विवरण
- व्यवसाय और करियर विकास जानकारी
- यात्रा और स्थान की जानकारी
- ड्राइविंग की जानकारी
- ऑडियो/विजुअल जानकारी
- IT और डिजिटल संचार प्रणालियों का उपयोग
- स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी
- बैकग्राउंड स्क्रीनिंग और सत्यापन से संबंधित जानकारी
- वित्तीय जानकारी
- सरकार द्वारा जारी की गई पहचान संख्या
- समावेशन से संबंधित जानकारी:
- आपकी प्रतिक्रिया, राय, रुचियां, प्राथमिकताएं, और अन्य जानकारी

हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी को केवल वहीं प्रक्रिया में लाएंगे, जहां कानून हमें इसकी अनुमति देता है। जब हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी को प्रक्रिया में लाते हैं (एकत्र करते हैं, संग्रहीत करते हैं, एक्सेस करते हैं, विश्लेषण करते हैं, साझा करते हैं, या किसी अन्य तरीके से इसका उपयोग करते हैं) ,तो हम आम तौर पर निम्नलिखित कानूनी औचित्यों में से एक या अधिक पर निर्भर होते हैं:

- जैसा कि हमारे द्वारा आपके साथ किए गए **अनुबंधात्मक दायित्वों** को पूरा करने और निभाने के लिए आवश्यक है

- जैसा कि **कानूनी दायित्व** का पालन करने के लिए आवश्यक है, उदाहरण के लिए कर अधिकारियों या कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ व्यक्तिगत जानकारी को साझा करना

- आपकी **सहमति** के अनुरूप (जहां लागू हो)

- जैसा कि हमारे **वैध हितों** और व्यावसायिक आवश्यकताओं के लिए आवश्यक है (जहां कानून द्वारा अनुमति हो), उदाहरण के लिए, आपके द्वारा पूरे किए गए काम के लिए हमारे ग्राहकों को बिल भेजने के लिए

- जैसा कि **आपके हितों** (या किसी और के हितों) की रक्षा के लिए आवश्यक होने पर, उदाहरण के लिए चिकित्सा आपातकाल या जब आपकी शारीरिक सुरक्षा को खतरा हो

- जैसा कि **सार्वजनिक हित** में आवश्यक है, उदाहरण के लिए, सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल के दौरान संपर्क ट्रेसिंग करने के लिए

ऊपर दिए गए कुछ बिंदु आपस में मेल खा सकते हैं, इसलिए यह संभव है कि आपकी व्यक्तिगत जानकारी के किसी विशेष हिस्से को प्रक्रिया में लाने को सही ठहराने के लिए एक ही समय में कई अलग-अलग कानूनी आधार लागू होंगे।

कुछ स्थानों पर, जब हम व्यक्तिगत जानकारी को प्रक्रिया में लाते हैं, तो जिन कानूनी औचित्यों पर भरोसा किया जा सकता है, उनमें अंतर हो सकता है (स्थानीय कानूनी आवश्यकताओं या उस क्षेत्राधिकार में Mott MacDonald के संचालन के तरीके के कारण)। यदि मामला ऐसा है, तो हम आपको एक पूरक गोपनीयता सूचना के माध्यम से सूचित करेंगे।

## हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी किस तरह से साझा करते हैं

विषय सूची

यदि ऐसा करना आवश्यक और आनुपातिक है, तो हमें आपकी व्यक्तिगत जानकारी इनसे साझा करनी पड़ सकती है:

**विभिन्न Mott MacDonald संस्थाएं** हमारे और आपके बीच संबंधों के प्रबंधन और हमारे व्यवसाय के संचालन में शामिल हैं।

**हमारे सेवा प्रदाता और आपूर्तिकर्ता** जो हमारे व्यवसाय प्रशासन और जन प्रबंधन गतिविधियों में सहयोग देते हैं, जैसे कि यात्रा और आवास बुक करना, प्रशिक्षण और विकास सहायता प्रदान करना, व्यावसायिक स्वास्थ्य सेवाएं और सहायता प्रदान करना, निजी चिकित्सा बीमा, कार्यस्थल पेंशन और सेहत से जुड़ी जानकारी के लिए सहायता जैसे कर्मचारी लाभ प्रदान करना, पेरोल लेनदेन को संसाधित करना, बैकग्राउंड स्क्रीनिंग और जांच करना, हमारी प्रौद्योगिकी प्रणालियों और बुनियादी ढांचे का समर्थन करना या हमारे कार्य परिसरों और सुविधाओं तक पहुंच का प्रबंधन करना। इनमें Sterling (कार्यबल स्क्रीनिंग और जांच), Amex Global Business Travel (यात्रा प्रबंधन), Microsoft (संचार सेवाएं, इंटरनेट सेवाएं और क्लाउड कंप्यूटिंग) और SAP (जन प्रबंधन और ऑनबोर्डिंग सिस्टम) शामिल हैं।

**हमारे ग्राहक और डिलीवरी पार्टनर** बोली लगाने, प्रोजेक्ट डिलीवरी, पहुंच (परिसर और IT सिस्टम तक), बिलिंग, चालान और ऑडिट उद्देश्यों के लिए; इसमें आपका नाम, कार्य (देश) स्थान, नौकरी की भूमिका और पेशेवर योग्यता, CV/रिज़्यूमे, आपका वेतन या एक समकक्ष प्रति घंटा/दैनिक दर, संशोधित भुगतान पर्ची, एक असाइनमेंट के दौरान आपके द्वारा की गई गतिविधियां, विशिष्ट कार्यों पर बिताए गए घंटे शामिल हो सकते हैं। जहां आवश्यक हो, हमें उनकी स्क्रीनिंग या स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रक्रियाओं के हिस्से के रूप में बैकग्राउंड जांच, चिकित्सा स्थितियों और सेहत से जुड़ी जानकारी पर सीमित जानकारी प्रदान करने की भी आवश्यकता हो सकती है।

**हमारे बाहरी कानूनी या अन्य पेशेवर सलाहकार** रोजगार मामलों पर सलाह के लिए, वीज़ा और वर्क परमिट विकल्पों के मूल्यांकन के लिए, ऑडिट उद्देश्यों के लिए (उदाहरण के लिए, कर अनुपालन सुनिश्चित करने और दक्षता में सुधार करने के लिए), कर दायित्वों को निर्धारित करने के लिए, और (जब आवश्यक हो) कानूनी/बीमा दावों (या समान प्रकृति के अन्य दावों) की जांच, पीछा करने या बचाव करने के लिए।

कॉर्पोरेट पुनर्गठन की स्थिति में **व्यवसाय प्राप्तकर्ता**। उदाहरण के लिए, यदि हम कोई ऐसा लेनदेन शुरू करते हैं, या शुरू करने का इरादा रखते हैं, जिससे हमारे व्यवसाय की संरचना में बदलाव हो, जैसे कि विलय, अधिग्रहण, बिक्री, संयुक्त उद्यम, एकीकरण या हमारे व्यवसाय या संपत्ति के सभी या किसी भी हिस्से का अन्य निपटान।

**नियामक प्राधिकरण या कानून प्रवर्तन एजेंसियां** ,जहां संदिग्ध आपराधिक गतिविधि की रोकथाम, उनका पता लगाने और जांच की सुविधा के लिए आवश्यक हो, यदि हमें जानकारी के लिए किसी आधिकारिक अनुरोध का पालन करना पड़े (इसमें सम्मन और अदालती आदेशों का पालन करना शामिल है) या अन्य कानूनी दायित्वों को पूरा करने के लिए (उदाहरण के लिए, स्वास्थ्य और सुरक्षा नियामकों, एजेंसियों और प्रशासकों को काम से संबंधित घटना की रिपोर्ट करना)।

जब हमें इन तृतीय पक्षों से आपकी व्यक्तिगत जानकारी साझा करने की आवश्यकता होती है, तो हम इसे सुरक्षित रखने के लिए अनुबंधात्मक, भौतिक और तकनीकी उपायों के संयोजन का उपयोग करते हैं।

जब आपकी व्यक्तिगत जानकारी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थानांतरित की जाती है, तो हम यह सुनिश्चित करते हैं कि पर्याप्त और संतुलित सुरक्षा उपाय लागू हों और आपकी गोपनीयता और डेटा सुरक्षा अधिकारों की रक्षा की जाए। इसका कारण यह है कि कुछ देशों में स्थानीय कानूनों के तहत आपके पास अपने निवास के देश की तुलना में कम अधिकार हो सकते हैं।

उन सुरक्षा उपायों में सामान्य रूप से डेटा एन्क्रिप्शन, भूमिका-आधारित पहुंच से संबंधित अनुमतियां और कानूनी समझौते शामिल होंगे जो व्यक्तिगत जानकारी के वैध सीमा-पार हस्तांतरण की सुविधा प्रदान करते हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी समूह नीतियों को पढ़ें।

कृपया ध्यान दें कि हम किसी भी उद्देश्य के लिए आपकी व्यक्तिगत जानकारी को किसी तृतीय पक्ष को कभी नहीं बेचेंगे।

## हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा किस तरह से करते हैं

विषय सूची

हम सुरक्षा उपायों को बरकरार रखने और सुधारने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं जो व्यक्तिगत जानकारी को अनजाने में खो जाने, उपयोग किए जाने, या अनधिकृत तरीके से एक्सेस किए जाने, बदले जाने या प्रकट होने से रोकते हैं। हम व्यक्तिगत जानकारी तक पहुंच को केवल उन व्यक्तियों और संस्थाओं तक सीमित रखते हैं जिन्हें कानूनी रूप से पहुंच का अधिकार हो (उदाहरण के लिए, नियामक प्राधिकरण या कानून प्रवर्तन एजेंसियां), या जानने की एक वैध व्यावसायिक आवश्यकता है (उदाहरण के लिए, लाइन मैनेजर, HR पेशेवर और सेवा प्रदाता)। हमारे सेवा प्रदाता और आपूर्तिकर्ता केवल हमारे निर्देशों के अनुसार व्यक्तिगत जानकारी को प्रक्रिया में लाएंगे और हम यह सुनिश्चित करते हैं कि सभी तृतीय पक्ष गोपनीयता के कानूनी कर्तव्य के अधीन हैं।

Mott MacDonald के उन सभी लोगों के लिए जिन्हें अपने कर्तव्यों का पालन करते समय आपकी व्यक्तिगत जानकारी तक पहुंचने की आवश्यकता हो सकती है, उन्हें वार्षिक आधार पर गोपनीयता और डेटा सुरक्षा प्रशिक्षण, तथा सूचना सुरक्षा प्रशिक्षण पूरा करना आवश्यक है।

अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी समूह नीतियों को भी पढ़ें।

## हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी अपने पास कितने समय तक रखते हैं

विषय सूची

हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी को केवल इस गोपनीयता सूचना में निर्धारित उद्देश्यों के लिए यथोचित रूप से आवश्यक होने तक ही अपने पास रखेंगे। आम तौर पर, इसका मतलब है कि हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी को आपके हमारे लिए काम करने की अवधि के लिए रखते हैं, और फिर उसके बाद सीमित समय के लिए रखते हैं। उन रखरखाव अवधियों की समय-सीमा तय करते हैं, तो हम ध्यान में रखते हैं:

- हमारे लिए अपने व्यवसाय को संचालित करने और आपके साथ अपने संबंधों का प्रबंधन करने के लिए इसे कितनी अवधि तक रखना आवश्यक है? उदाहरण के लिए, हमें हर महीने आपका वेतन देने और आपके स्वास्थ्य बीमा, पेंशन और अन्य लाभों का प्रबंधन करने के लिए आपकी व्यक्तिगत जानकारी को अपने पास रखना पड़ सकता है।
- हमें अपने कानूनी या नियामक दायित्वों का पालन करने के लिए जानकारी को कितने समय तक अपने पास रखना पड़ सकता है? उदाहरण के लिए: बाहरी कर, आप्रवासन, या वित्तीय ऑडिट के लिए आवश्यक साक्ष्य; किसी विशेष कानून में किसी विशिष्ट प्रावधान का पालन करने के लिए; या किसी कानूनी दावे या नियामक जांच का जवाब देने के लिए।
- क्या हमें इसे किसी अन्य वैध उद्देश्य के लिए रखना ज़रूरी है, उदाहरण के लिए, व्यक्तियों या हमारे व्यवसाय को नुकसान से बचाने के लिए; या हमारे कानूनी अधिकारों, संपत्ति, या परिसंपत्तियों को सुरक्षित रखने के लिए।

कुछ मामलों में, और विशिष्ट कारणों से, हम जानकारी को लम्बी अवधि के लिए रखेंगे। जब आपकी व्यक्तिगत जानकारी हटाई या नष्ट की जाती है, तो हम इस बात को सुनिश्चित करते हैं कि इसे किसी भी स्थानीय कानूनी आवश्यकताओं के अनुसार सुरक्षित और स्थायी रूप से निपटाया जाए।

## आपके गोपनीयता अधिकार और विकल्प

विषय सूची

हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी पर आपके अधिकारों का सम्मान करते हैं। हमारे साथ शामिल व्यक्ति के रूप में, आपकी व्यक्तिगत जानकारी पर आपके निम्नलिखित अधिकार हैं:

- आपकी व्यक्तिगत जानकारी तक **पहुँच का अधिकार**। यह आपको अपनी व्यक्तिगत जानकारी की एक प्रति का अनुरोध करने और यह जांचने में सक्षम बनाता है कि हम इसे कानूनी रूप से प्रक्रिया में ला रहे हैं।
- आपके बारे में जो व्यक्तिगत जानकारी हमारे पास है, **उसे सुधार कराने का अधिकार**। यह आपको किसी भी अधूरी या गलत व्यक्तिगत जानकारी में बदलाव या अपडेट करने के लिए कहने में सक्षम बनाता है।
- आपके बारे में व्यक्तिगत जानकारी को **मिटाने के लिए अनुरोध करने का अधिकार**। यह आपको व्यक्तिगत जानकारी को हटाने या मिटाने के लिए कहने में सक्षम बनाता है जहां हमारे लिए इसे प्रक्रिया में लाते रहने का कोई वैध कारण नहीं है।
- आपकी व्यक्तिगत जानकारी के उपयोग पर **आपत्ति जताने का अधिकार** यदि आपको लगता है कि हमारे पास इसे प्रक्रिया में लाते रहने का कोई वैध कारण नहीं है और आप चाहते हैं कि हम इसे प्रक्रिया में लाना बंद कर दें।
- आपके बारे में व्यक्तिगत जानकारी के आगे उपयोग पर **प्रतिबंध लगाने का अधिकार**। यह आपको अपनी व्यक्तिगत जानकारी के उपयोग को सीमित करने या निलंबित करने के लिए कहने में सक्षम बनाता है (उदाहरण के लिए, यदि आप चाहते हैं कि हम इसकी सटीकता या इसे प्रक्रिया में लाने के कारण की पुष्टि करें)।
- आपकी व्यक्तिगत जानकारी को किसी अन्य पक्ष को **ट्रांसफ़र करने का अधिकार**। आप हमें अपनी व्यक्तिगत जानकारी, जैसे कि आपका कार्य का रिकॉर्ड, भुगतान पर्ची या अन्य व्यक्तिगत जानकारी किसी अन्य संगठन, जैसे भविष्य के नियोक्ता को भेजने/पोर्ट करने के लिए कह सकते हैं।

आप या एक अधिकृत नामित व्यक्ति किसी भी समय हमारे व्यक्तिगत अधिकार अनुरोध फ़ॉर्म के माध्यम से अनुरोध भेजकर, privacy@mottmac.com पर संपर्क करके या अपने HR व्यवसाय भागीदार से संपर्क करके इन अधिकारों का प्रयोग कर सकते हैं। यदि आप कैलिफ़ोर्निया के निवासी हैं, तो आप हमसे 1-800-832-3272 पर संपर्क करके भी अनुरोध कर सकते हैं।

यदि आपने किसी और को अपनी ओर से अपने अधिकारों का प्रयोग करने के लिए कहा है और वह नामित व्यक्ति ऐसा करने के लिए अपने अधिकार का लिखित प्रमाण प्रदान नहीं करता है (उदाहरण के लिए, एक पावर ऑफ़ अटॉर्नी या आपके हस्ताक्षर वाला अधिकार पत्र), तो हम उनके अनुरोध पर प्रक्रिया या उस पर कार्रवाई नहीं कर पाएंगे।

यदि आप ऊपर दिए गए अपने किसी भी अधिकार का प्रयोग करना चुनते हैं, तो हम आपके साथ निष्पक्ष रूप से और गैर-भेदभावपूर्ण व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम आपको किसी भी लागू वैधानिक समय सीमा के भीतर जवाब देंगे (उदाहरण के लिए, UK और EEA में हम आपका अनुरोध प्राप्त होने की तारीख से एक महीने के अन्दर ही आपको जवाब देंगे; और कैलिफ़ोर्निया में हम आपके अनुरोध प्राप्त होने की तारीख से पैंतालीस दिनों के अन्दर ही आपको जवाब देंगे)। यदि इस समय सीमा को बढ़ाने का कोई कानूनी कारण है, तो हम आपको जल्द से जल्द सूचित करेंगे।

कृपया ध्यान दें कि आप अपने अधिकारों का प्रयोग किस सीमा तक कर सकते हैं, यह दूसरों के अधिकारों और हितों या कानूनी दायित्व (उदाहरण के लिए, जहां हम अपने नियामक दायित्वों के कारण आपकी सभी व्यक्तिगत जानकारी को हटाने में असमर्थ हैं) द्वारा सीमित हो सकता है। यदि ऐसा है, तो हम आपको जल्द से जल्द सूचित करेंगे।

# आपकी सहमति वापस लेने का अधिकार

विषय सूची

यदि आपने किसी विशिष्ट उद्देश्य के लिए अपनी व्यक्तिगत जानकारी के संग्रह और प्रक्रिया में लाने के लिए अपनी सहमति प्रदान की है, और हम उस उद्देश्य के लिए आपकी व्यक्तिगत जानकारी के हमारे उपयोग को सही ठहराने के लिए उस सहमति पर निर्भर करते हैं, तो आपको अपनी सहमति वापस लेने का अधिकार हो सकता है।

अपनी सहमति वापस लेने के लिए, कृपया पहले अपनी इकाई या क्षेत्र के लिए HR टीम से संपर्क करें। जैसे ही हमें आपकी सहमति वापस लेने की जानकारी मिलती है, हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी को उस उद्देश्य (उद्देश्यों) के लिए प्रक्रिया में लाना बंद कर देंगे जिसके लिए आपने मूल रूप से सहमति दी थी, जब तक कि हमें कानून द्वारा ऐसा करने की आवश्यकता या अनुमति न हो और ऐसा करने का कोई वैध कारण न हो।

यदि आप प्रक्रिया में लाई जाने वाली कुछ विशिष्ट गतिविधियों के लिए अपनी सहमति वापस लेना चुनते हैं, तो इसका मतलब यह हो सकता है कि हम कुछ सुविधाएं या लाभ प्रदान करने में असमर्थ हैं, और आपको कुछ गतिविधियों से बाहर रखा जा सकता है (जब आप हमारे लिए काम कर रहे हों)। किसी प्रक्रिया में लाई जाने वाली किसी विशिष्ट गतिविधि के लिए अपनी सहमति वापस लेने के परिणाम आपको उस समय बताए जाएंगे जब आप हमें बताएंगे कि आप अपनी सहमति वापस लेना चाहते हैं।

# हमसे संपर्क करें

विषय सूची

यदि आपको इस बारे में चिंता है कि Mott MacDonald ने आपकी व्यक्तिगत जानकारी को कैसे प्रक्रिया में लाया है, या आप अपने गोपनीयता अधिकारों का प्रयोग करना चाहते हैं, तो कृपया हमारा व्यक्तिगत अधिकार अनुरोध फॉर्म भरें या privacy@mottmac.com पर संपर्क करें। यदि आप सिंगापुर में रहते हैं, तो आप 6293 1900 पर कॉल करके भी हमसे संपर्क कर सकते हैं।

यदि आप कोई चिंता को जाहिर करने या सूचना अधिकार अनुरोध सबमिट करने के बाद हमारी प्रतिक्रिया से नाखुश हैं, तो आप उस देश, राज्य या प्रांत में गोपनीयता और डेटा सुरक्षा नियामक के पास सीधे शिकायत दर्ज कर सकते हैं जहां आप रहते हैं। यदि आप इस बारे में सुनिश्चित नहीं हैं कि आपके क्षेत्राधिकार में कौन सा नियामक प्राधिकरण गोपनीयता और डेटा सुरक्षा अनुपालन लागू करता है, तो कृपया प्रासंगिक संपर्क विवरण का अनुरोध करने के लिए privacy@mottmac.com पर संपर्क करें।

## इस गोपनीयता सूचना में परिवर्तन

विषय सूची

यह गोपनीयता सूचना मार्च 2026 में जारी की गई थी और हमारी प्रणालियों और प्रक्रियाओं या कानून में बदलाव के कारण इसे अपडेट करना पड़ सकता है, इसलिए हम अनुशंसा करते हैं कि आप समय-समय पर इस सूचना की समीक्षा करें। यदि परिवर्तन आपके गोपनीयता अधिकारों को गंभीरता से प्रभावित करते हैं, तो हम आपको सूचित करने का प्रयास करेंगे और लागू कानून के अनुसार आवश्यक अन्य कदम उठाएंगे।

**कैलिफ़ोर्निया के निवासी**

यदि आप कैलिफ़ोर्निया राज्य के निवासी हैं, तो कृपया हमारी कैलिफ़ोर्निया पूरक जन गोपनीयता सूचना को पढ़ें , ताकि आप हमारी व्यक्तिगत जानकारी के संग्रह और उपयोग और कैलिफ़ोर्निया के निवासी के रूप में अपने गोपनीयता अधिकारों के बारे में अधिक जान सकें।